विज्ञापन सं. 02/2018

संघ लोक सेवा आयोग

वेबसाइट http://www.upsconline.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित पदों के लिए चयन द्वारा भर्ती हेतु ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र (ओ.आर.ए.*) आमंत्रित करता है ।

रिक्ति विवरण

1. (रिक्ति सं0 18010201527) एक सहायक आयुक्त (फसल), कृषि, सहकारिता तथा किसान कल्याण विभाग, कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय (अनारक्षित-01) । पद अक्षमता से प्रभावित शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों अर्थात अस्थि विकलांग / चलने में असमर्थ / प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात यथा दोनों पैर प्रभावित लेकिन हाथ नहीं (बी.एल.) या एक पैर प्रभावित (दायां या बांया) (ओ.एल.) या एक हाथ प्रभावित (दायां या बांया) (ओ.ए.) के लिए उपयुक्त है । पद स्थायी है । **वेतनमान** : 15,600-39,100 (वेतन बैंड-3) + 6600/- रू. ग्रेड वेतन (सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-11), सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप "क", राजपत्रित, अननुसचिवीय । **आयु** : 40 वर्ष । **अ0 यो0 : (क) : शैक्षिक :** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि अर्थशास्त्र या कृषि विस्तार या सस्य विज्ञान या कीट विज्ञान या कृमि विज्ञान या अनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन या कृषि वनस्पति विज्ञान या पादप जैव प्रौद्योगिकी या पादप विकृति विज्ञान या पादप क्रियाविज्ञान या बीज विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी या मृदा विज्ञान तथा कृषि रसायन विज्ञान में मास्टर डिग्री तथा केन्द्र सरकार या राज्य सरकार कार्यालय या सावर्जनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायतशासी निकाय या किसी मान्यताप्राप्त संस्थान में खाद्य व नकदी फसलों जैसे चावल या गेहूं या दालें या बाजरा या गन्ना या कपास या जूट या तिलहनों में उत्पादन तथा उत्पादकता के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव **या** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि इंजीनियरी में स्नातक डिग्री तथा केन्द्र सरकार या राज्य सरकार कार्यालय या सावर्जनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायतशासी निकाय या किसी मान्यताप्राप्त संस्थान में खाद्य व नकदी फसलों जैसे चावल या गेहूं या दालें या बाजरा या गन्ना या कपास या जूट या तिलहनों में उत्पादन तथा उत्पादकता के क्षेत्र में चार वर्ष का अनुभव । **टिप्पणी-I** : योग्यताएं संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिलनीय हैं, यदि उम्मीदवार अन्यथा अर्हक हैं । **वांछनीय :** अनिवार्य मानदंड के अंतर्गत उल्लिखित विषयों में डाक्टरेट । **कार्य** : (i) फसल उत्पादन उन्मुखी स्कीमों जैसे एकीकृत कृषि प्रणाली विकास

और वर्षापोषित क्षेत्रों में जलविभाजक विकास / प्रबंधन की आयोजना, कार्यान्वयन और निगरानी करना । (ii) फसल उत्पादन प्रौद्योगिकी और वर्षापोषित क्षेत्रों में जलविभाजक विकास संबंधी अनुसंधान से गहन संपर्क बनाए रखना । (iii) विभिन्न परियोजनाओं को सूत्रबद्ध करना और उनकी निगरानी करना, योजना एवं अन्य संबद्ध मामलों से संबंधित सूचना का संग्रहण एवं संकलन करना । **मुख्यालय** : नई दिल्ली लेकिन भारत में किसी भी स्थान पर कार्य करना पड़ सकता है ।

2. (रिक्ति सं0 18010202627) बारह वैमानिक अधिकारी, नागर विमानन महानिदेशालय, नागर विमानन मंत्रालय (अ.जा.-01, अ.ज.जा.-01, अ.पि.व.-04, अनारक्षित-06) । पद स्थायी हैं । **वेतनमान** : सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-10, सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप "क" राजपत्रित, अननुसचिवीय । **आयु** : 35 वर्ष । **अ. यो. : (क) शैक्षिक** : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से वैमानिक या वैद्युत या इलैक्ट्रानिकी या यांत्रिकी अथवा धात्विकी इंजीनियरी में डिग्री । (**ख) : अनुभव** : वायुयान वैद्युत या इलैक्ट्रानिकी या यांत्रिक प्रणालियों या उड़ान योग्यता इंजीनियरी सहित वायुयान डिजाइन तथा विकास में दो वर्ष का अनुभव । **वां.यो**. : वैमानिक अनुसंधान और विकास या डिजाइन या विफल वायुयान पुर्जों के प्रयोगशाला अन्वेषण या दुर्घटना या घटना में शामिल उड़ान रिकार्डर या उड़ान योग्यता इंजीनियरी में एक वर्ष का अनुभव । **टिप्पणी - 1** : योग्यताएं संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिलनीय हैं, यदि उम्मीदवार अन्यथा अर्हक हैं । **टिप्पणी - 2** : अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के मामले में उनके लिए आरक्षित पदों के लिए अनुभव से संबंधित योग्यताएं संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिलनीय हैं, यदि चयन के किसी भी चरण में संघ लोक सेवा आयोग का यह मत होता है कि इन श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले पर्याप्त उम्मीदवार इन समुदायों से उपलब्ध नहीं होंगे । **कार्य** : इंजीनियरी ड्राइंग के अनुमोदन, संगत उड़ान योग्यता आवश्यकताओं के लिए डिजाइन विशेषताओं तथा निर्माण प्रक्रिया की अनुरूपता ज्ञात करने हेतु स्थैतिक तथा अन्य संबद्ध परीक्षण सहित सभी प्रकार के प्रमाणन कार्य के लिए उत्तरदायी होंगे । संरचनात्मक आशोधनों आदि के तत्काल अनुमोदन के लिए निदेशक (ए ई) की सहायता करना । **मुख्यालय** : अखिल भारतीय सेवा दायित्व सहित नागर विमानन महानिदेशालय, नई दिल्ली । **अन्य शर्तें** : वर्णांधंता वाले उम्मीदवार इस पद के लिए उपयुक्त नहीं हैं ।

3. (रिक्ति सं0 18010203227) दो वैज्ञानिक 'बी' (यांत्रिकी), राष्ट्रीय परीक्षणशाला, उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (अनारक्षित-02) । पद स्थायी हैं । **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार : वेतन मैट्रिक्स में लेवल-10, (56,100-1,77,500/- रूपये) सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप "क" राजपत्रित, अननुसचिवीय । **आयु** : 35 वर्ष । **अ.यो. : (क) : शैक्षिक** : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भौतिकी में मास्टर डिग्री अथवा यांत्रिक इंजीनियरी या धात्विक इंजीनियरी में बी.ई. या बी.टेक.। (**ख) अनुभव** : **(i) भौतिकी में मास्टर डिग्रीधारकों के लिए :** किसी मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला या संस्थान से इंजीनियरी सामग्री /उत्पादों के परीक्षण/अंशशोधन में या परिशुद्धता मापन/माप विज्ञान में एक वर्ष का व्यावसायिक अनुभव । **(ii) यांत्रिक इंजीनियरी या धात्विक इंजीनियरी में बी.ई. या बी.टेक. डिग्रीधारकों के लिए :** किसी मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला या संस्थान से इंजीनियरी सामग्री /उत्पादों के परीक्षण/अंशशोधन में या परिशुद्धता मापन/माप विज्ञान में दो वर्ष का व्यावसायिक अनुभव । **टिप्पणी** : उम्मीदवारों के अन्यथा अर्हक होने की स्थिति में कारणों को लिखित रूप में अभिलेखबद्ध करते हुए, आयोग के विवेकानुसार योग्यताओं में छूट दी जा सकेगी । **वांछनीय :** इंजीनियरी सामग्री के परीक्षण और उपकरणों एवं मशीनों के माप विज्ञान/अंशशोधन में अनुसंधान एवं विकास अनुभव। **कार्य** : वैज्ञानिक 'ख' (यांत्रिकी) प्रयोगशाला के समग्र प्रभारी हैं। वैज्ञानिक 'ख' (यांत्रिकी) परीक्षण अनुरोध की संवीक्षा, वैज्ञानिक सहायकों एवं वैज्ञानिक अधिकारियों को नमूनों का आवंटन, तकनीकी /प्रशासनिक समस्याओं का पर्यवेक्षण, मसौदा परीक्षण प्रमाणपत्रों की जांच, शासकीय परीक्षण प्रमाणपत्रों पर हस्ताक्षर करते हैं। क्रय मामलों पर कार्रवाई करना। सभी कार्यों में वैज्ञानिक 'ग' की सहायता करना। **मुख्यालय** : भारत में कहीं भी कार्य करने के दायित्व सहित कोलकाता ।

4. (रिक्ति सं0 18010204227) दो कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (विस्फोटक), केन्द्रीय न्यायालयी विज्ञान प्रयोगशाला, न्यायालयी विज्ञान सेवा निदेशालय, गृह मंत्रालय (अनारक्षित-02) । पद अक्षमता से प्रभावित शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों अर्थात अस्थि विकलांग / चलने में असमर्थ / प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात

यथा एक पैर प्रभावित (दायां या बांया) (ओ.एल.) या श्रवण बाधित यथा आंशिक बधिर (पी.डी.) के लिए उपयुक्त हैं । सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप "ख" राजपत्रित, अननुसचिवीय । पद स्थायी हैं । **वेतनमान** : 9,300-34,800/- रूपये वेतन बैंड-2 (संशोधन-पूर्व) + 4600/- रू. (ग्रेड वेतन) । सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-7 (रूपये 44,900-1,42,400), **आयु** : 30 वर्ष । **अ. यो. : (क) : शैक्षिक** : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एससी. स्तर पर एक विषय के रूप में रसायन विज्ञान सहित रसायन विज्ञान / न्यायालयी विज्ञान में मास्टर डिग्री या समकक्ष* । ***इस पद पर सीधी भर्ती के लिए विद्यमान भर्ती नियमों में उल्लिखित विशिष्ट अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएं ही अपेक्षित हैं । 'समकक्ष' शब्द के दायरे के अन्तर्गत उक्त शैक्षिक योग्यताओं में किसी अन्य शैक्षिक योगयता को शामिल करने की आवश्यकता नहीं है । ख : अनुभव** : विस्फोटकों के क्षेत्र में विश्लेषणात्मक पद्धतियों तथा शोध संबंधी कार्य में दो वर्ष का अनुभव । **टिप्पणी-I** : उम्मीदवारों के अन्यथा अर्हक होने की स्थिति में आयोग के विवेकानुसार योग्यताओं में छूट दी जा सकेगी । **कार्य** : आपराधिक दृश्य का प्रबंधन, आपराधिक मामले की जांच, आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 293 के अंतर्गत कानूनी अदालत में गवाही देना, मामले के विश्लेषण के लिए कनिष्ठ वैज्ञानिक स्टॉफ का मार्गदर्शन करना, न्यायालयी विज्ञान संबंधी क्रियाकलापों पर शोध तथा विकासात्मक कार्य करना और विभिन्न अन्वेषण एजेंसियों / न्यायालयी विज्ञान प्रयोगशालाओं तथा अन्य संगठनों से आए प्रशिक्षणार्थियों को न्यायालयी विज्ञान में उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र में प्रशिक्षण देना । **मुख्यालय** : कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, भोपाल, गुवाहाटी तथा पुणे में स्थित प्रयोगशालाओं सहित मुख्यालय नई दिल्ली में है । अपने कार्य निष्पादन के मामले में अधिकारी को भारत में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है ।

5. (रिक्ति सं0 18010205227) ग्यारह सहायक रसायनज्ञ, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, खान मंत्रालय (अ.जा.-01, अनारक्षित-10) । ग्यारह पदों में से एक पद अक्षमता से प्रभावित शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों अर्थात श्रवण बाधित यथा आंशिक बधिर (पी.डी.) के लिए आरक्षित है । ये पद अक्षमता से प्रभावित शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों अर्थात श्रवण बाधित अर्थात आंशिक बधिर (पी.डी.) के लिए भी उपयुक्त हैं । पद स्थायी हैं । **वेतनमान** : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार : वेतन मैट्रिक्स में लेवल-8, (47,600-1,51,100/- रूपये)

सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप "ख" राजपत्रित, अननुसचिवीय । **आयु** : 30* वर्ष । **<u>अ.यो. : (क) : शैक्षिक</u>** : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से रसायन विज्ञान की किसी भी शाखा में मास्टर डिग्री या रसायन इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री या रसायन विज्ञान में एसोसिएट रसायनज्ञ संस्थान (भारत) द्वारा प्रदत्त डिग्री या डिप्लोमा। **<u>टिप्पणी</u>** : उम्मीदवारों के अन्यथा अर्हक होने की स्थिति में कारणों को लिखित रूप में अभिलेखबद्ध करते हुए, आयोग के विवेकानुसार योग्यताओं में छूट दी जा सकेगी । **<u>कार्य</u>** : चट्टानों, खनिजों, अयस्कों, धातुओं, मिश्र धातुओं, संबद्ध सामग्रियों तथा मूल्यवान धातुओं के परिमार्जन से संबंधित विश्लेषणात्मक कार्य करना। **<u>मुख्यालय</u>** : अखिल भारतीय सेवा दायित्व सहित कोलकाता । **<u>अन्य शर्तें</u>** : भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में नियुक्त किए गए प्रत्येक व्यक्ति को उनकी प्रथम नियुक्ति पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रवेश या अभिविन्यास प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करना होगा ।

महत्वपूर्ण

ओ.आर.ए. वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र (ओ.आर.ए.) जमा करने की अंतिम तारीख 15.02.2018 को 23.59 बजे तक है ।

पूर्ण रूप से भर कर ऑन लाइन जमा किए गए ओ.आर.ए. आवेदन पत्र का प्रिंट आऊट लेने की अंतिम तारीख 16.02.2018 को 23.59 बजे तक है ।

सभी उम्मीदवारों की हर तरह से पात्रता निर्धारण करने की अंतिम तारीख ऑन लाइन भर्ती आवेदन पत्र **(ओ.आर.ए.)** जमा करने की निर्धारित अंतिम तारीख होगी । आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑन लाइन भर्ती आवेदन पत्र में अपना संपूर्ण विवरण सावधानीपूर्वक भरें क्योंकि गलत विवरण प्रस्तुत करने से आयोग द्वारा उन्हें विवर्जित किए जाने के अलावा कम्प्यूटर आधारित लघु सूची तैयार किए जाने की प्रक्रिया के दौरान उनका आवेदन पत्र अस्वीकार किया जा सकता है ।

साक्षात्कार की तारीख जिस दिन लघु सूची में शामिल उम्मीदवारों को अपने ऑन लाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट के साथ-साथ अन्य दस्तावेज आयोग में प्रस्तुत करने के लिए लाने हैं, की सूचना उम्मीदवारों को अलग से दी जाएगी ।

टिप्पणी :

क) उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इस विज्ञापन के संबंध में ऑन लाइन भर्ती आवेदन पत्र (ओ.आर.ए.) वेबसाइट http://www.upsconline.nic.in के माध्यम से ही आवेदन करें और आवेदन प्रपत्र के लिए आयोग को **न** लिखें । उनसे यह भी अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले नीचे प्रकाशित पदों के विवरण, अनुदेशों तथा वेबसाइट http://www.upsconline.nic.in पर दिए गए अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

ख) सभी मदों के सामने दर्शाई गई आयु सीमा सामान्य आयु सीमा है तथा अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों को उनके लिए आरक्षित पदों के संबंध में 5 वर्ष तथा अ.पि.व. के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट है । अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र में जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । अन्य श्रेणियों के आवेदकों के लिए आयु संबंधी जो रियायत है, उसके लिए आवेदक कृपया आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित "चयन द्वारा भर्ती के लिए उम्मीदवारों को अनुदेश तथा अतिरिक्त सूचना" के संगत पैरा देखें ।

(ग) उम्मीदवार को सामुदायिक आरक्षण के लाभ का पात्र केवल तभी माना जाएगा यदि उम्मीदवार जिस जाति से संबंधित है उसे केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई आरक्षित समुदाय की सूची में शामिल किया गया हो । यदि कोई उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में यह उल्लेख करता/करती है कि वह अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ सामान्य श्रेणी से संबंधित है लेकिन बाद में अपनी श्रेणी को बदलने का अनुरोध करता/करती है तो ऐसे अनुरोध को आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

(घ) शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार (पी.एच.) अथवा अशक्त उम्मीदवार जैसाकि रिक्तियों के विवरण में विभिन्न मद (मदों) के सामने दर्शाया गया है, उन पदों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, जो उनके लिए आरक्षित नहीं हैं लेकिन उपयुक्त समझे गए हैं । तथापि, ऐसे उम्मीदवारों के बारे में इन पदों पर चयन हेतु विचार योग्यता के सामान्य मानकों के अनुसार किया जाएगा । कम से कम 40% संगत अक्षमता वाले व्यक्तियों को ही आरक्षण तथा

अन्य छूटों का लाभ पाने का पात्र माना जाएगा, जैसाकि नियमों के अंतर्गत अनुमेय है । अत: शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवार (पी.एच.) निम्नलिखित का लाभ उठा सकते हैं :

(i) नियमों के अंतर्गत मिलने वाला आरक्षण तथा अन्य रियायतें और छूट केवल तभी स्वीकार्य होंगे, जब शारीरिक अशक्तता 40 प्रतिशत या अधिक हो और पद शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हों ।

(ii) नियमों के अंतर्गत मिलने वाली अन्य रियायतें तथा छूट केवल तभी स्वीकार्य होगीं जब शारीरिक अशक्तता 40 प्रतिशत या अधिक हो और पद शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त हों ।

(ड़) **<u>मुख्यालय</u>** : कुछेक पदों के सामने विशेष रूप से उल्लिखित निर्दिष्ट स्थानों पर, अन्यथा भारत में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है ।

(च**)** **<u>परिवीक्षा</u>** : चुने गए व्यक्तियों को नियमानुसार परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा ।

<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>
<u>निरसन नोटिस</u>

(संदर्भ फा. सं. 1/170(14)/2014-आर.II) सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि दिनांक 27/12/2014 को इम्पलायमेंट न्यूज़ / रोजगार समाचार में प्रकाशित (आयोग के विज्ञापन सं. 21/2014 मद सं. 7, रिक्ति सं. 14122107227) सीधी भर्ती के तहत दिल्ली अग्नि शमन सेवा, गृह विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में स्टेशन अधिकारी के उन्नतालीस (39) पदों के भर्ती प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया है ।